शानदार घाट, चौड़ी सड़कें और सिंहस्थ क्षेत्र में सर्किट हाउस

- शंकराचार्य और खाक चौक
- चौराहा पर अंडरपास, सिंहस्थ को लेकर प्रशासन सक्रिय

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृह नगर में महाकुंभ 2028 की जो तैयारी चल रही है उनका प्रतिदिन अवलोकन करने के लिए सिहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह पहुंच रहे हैं, साथ में उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह भी रहते हैं। बुधवार को भी दोनों अफसर शिप्रा घाट पहुंचे साथ ही सर्किट हाउस से लगाकर अन्य निर्माण कार्यों का अवलोकन किया।

संभागायुक्त और सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह तथा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बुधवार को सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिप्रा नदी के घाट निर्माण, सड़क चौड़ीकरण और नवीन सर्किट हाउस निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। संभागायुक्त सिंह ने मंगलनाथ स्थित पुल से शिप्रा नदी में जमी गाद (गीली मिट्टी) निकालने की डेमो कार्रवाई का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार नदी से गाद निकालने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, ताकि घाट निर्माण से पहले नदी की सफाई कर कार्य सुचारु रूप से किया जा सके। उन्होंने घाटों पर आने-जाने के मार्ग भी निर्धारित करने के निर्देश दिए। इसके बाद संभागायुक्त और कलेक्टर ने खाक चौक चौराहा का निरीक्षण किया। सिंहस्थ 2028 के दौरान विभिन्न अखाड़ों की पेशवाई के समय भीड़ के दबाव को देखते हुए शंकराचार्य चौराहा, खाक चौक चौराहा और मंगलनाथ मार्ग पर अंडरपास (भूमिगत मार्ग) बनाने तथा अन्य वैकल्पिक मार्गों की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश यूडीए के सीईओ संदीप सोनी को दिए। निरीक्षण के दौरान बड़नगर रोड स्थित मुरलीपुरा चौराहा पर सड़क चौड़ीकरण कार्य भी देखा गया। यहां मुख्य मार्ग के दोनों ओर आवागमन सुगम बनाने के लिए अंडरपास की प्लानिंग का कहा।

निर्माणाधीन सर्किट हाउस देखा

संभागायुक्त सिंह ने मुरलीपुरा क्षेत्र में निर्माणाधीन सर्किट हाउस का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए यहां 50 बेड का सर्किट हाउस बनाया जा रहा है। संभागायुक्त ने निर्माण के दौरान ऊपरी मंजिल पर अतिरिक्त कमरे जोड़ने और पार्किंग क्षेत्र का विस्तार करने के निर्देश दिए। साथ ही रेस्ट हाउस और सर्किट हाउस में वाहन चालकों व स्टाफ के लिए डॉरमेट्री और पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था करने को कहा। संभागायुक्त सिंह ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ 2028 से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।

चाकू घोंपकर युवक की हत्या करने वाला गिरफ्तार

उज्जैन। पुराने विवाद में युवक के सीने में चाकू घोपकर हत्या करने वाले आरोपी को चार दिन बाद पुलिस ने बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपी चार दिन से पुलिस को चकमा देकर फरारी काट रहा था।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के उद्योगपुरी क्षेत्र में 5 अप्रैल की शाम ढांचा भवन में रहने वाले केवल उर्फ केके पिता राजेन्द्र श्रीवास्तव की सीने में चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी। सीसीटीवी कैमरे की मदद से चाकू घोपने वाले की पहचान हिस्ट्रीशीटर बदमाश शेखर टंटा के रूप में हुई थी। जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास पुलिस द्वारा किए जा रहे थे। शहर में अलग-अलग जगह छिपकर चकमा दे रहे शेखर को पुलिस ने बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। उससे हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया है। थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया के अनुसार बदमाश शेखर के खिलाफ 18 से अधिक मामले दर्ज हैं। वहीं मृतक केवल श्रीवास्तव के खिलाफ 10 मामले दर्ज थे। मृतक और हत्या का आरोपी एकसाथ अपराधों को अंजाम भी दे चुके थे। इनमें शराब के नशे में विवाद हुआ था। इसी के चलते शेखर ने केवल को चाकू मारा था।

8 दिन पहले हुई हत्या के आरोपी भी गिरफ्तार

8 दिन पहले आगर रोड शराब दुकान के पास लिफ्ट मांगने की बात को लेकर बेगमबाग कॉलोनी में रहने वाले भूरु उर्फ आरिफ की तीन लोगों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। चिमनगंज थाना पुलिस ने चंद घंटों में एक आरोपी मोनू उर्फ दीपांशु निवासी शिवशक्ति नगर को गिरफ्तार कर लिया था। उसके दो साथी रेहान मंसूरी और लक्की निवासी गांधी नगर फरार चल रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने इंदौर में दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार दोपहर दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है

आगर से बेचने के लिए लाया था गांजा, पकड़ाया

उज्जैन। पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि मंगलवार रात सूचना मिली थी कि एक युवक बाइक से गांजा बेचने की फिराक में ग्राम खजुरिया कुमावत मोड़, मक्सी रोड पर आने वाला है। पुलिस ने घेराबंदी की कुछ देर में ही बाइक से आए युवक को देख शंका होने पर उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया, उसकी बाइक पर एक थेली थी जिसकी तलाशी लेने पर उसमें रखा 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हो गया। पूछताछ करने पर युवक का नाम हेमंत पिता मदनलाल कुमावत 35 वर्ष, निवासी ग्राम खजुरिया कुमावत, मक्सी रोड, उज्जैन बताया। युवक के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी की धारा में प्रकरण दर्ज किया है। पूछताछ में उसने गांजा आगर से बचने के लिए लाना कबूल किया, बुधवार दोपहर पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए बिछाई मैट

उज्जैन। महाकाल मंदिर में देशभर से श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं। गर्मी के दिनों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर समिति ने विभिन्न इंतजाम किए है। परिसर में तेज धूप के दौरान फर्श गर्म हो जाता है। इससे बचाव के लिए मैट बिछाई गई है। मैट पर दिन में समिति के कर्मचारी पानी का छिड़काव भी करते हैं जिससे पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिले। साथ ही दर्शन मार्ग में आने वाले हाल में जंबो कूलर लगाए गए है जिससे ठंडी हवा मिलती रहे और मार्ग में ठंडे पानी की सुविधा भी कर दी गई है। गर्मी की छुट्टियों में हजारों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। गर्मी के मौसम में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ही समिति ने ये कदम उठाए हैं।

धोखाधड़ी में पिता-पुत्र को जेल

उज्जैन। नीलगंगा थाना प्रभारी तरुण कुरील ने बताया कि अम्बर कालोनी में रहने वाले महेशप्रसाद तिवारी ने जनवरी 2025 में नलियाबाखल में रहने वाले शिवनारायण प्रजापत से ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 3310 का 4 लाख में सौदा किया था।

अनुबंध के बाद ट्रांसफर फार्म 29-30 पर शिवनारायण ने पुत्र गोपाल प्रजापत के हस्ताक्षर कराये और ट्रक पुत्र के नाम होना बताया। महेशप्रसाद ने 4 लाख रूपये दे दिये। कुछ दिनों बाद शिवनारायण ने उक्त ट्रक 11 हजार रूपये प्रतिमाह किराये पर ले लिया। 3 माह तक किराया दिया। उसके बाद किराया देना बंद कर दिया। महेशप्रसाद तिवारी ने ट्रक वापस लौटाने को कहा तो पिता-पुत्र आनाकानी करने लगे। लम्बे समय तक ट्रक नहीं मिला तो मामले की शिकायत आवेदन के माध्यम से दर्ज कराई गई। पुलिस ने जांच के बाद मामले में 6 अप्रैल को पिता-पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा प्रकरण दर्ज किया। दोनों पिता-पुत्र को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो पता चला कि किराये पर ट्रक लेने के बाद 3 लाख रूपये में सुपर आटो गैरेज को स्कैप में बेच दिया था। थाना प्रभारी के अनुसार ट्रक बेचने का खुलासा होने पर दोनों पिता-पुत्र को न्यायालय में पेश कर में भेजा गया है।

एक नजर में

दिलाई बाबा साहब के संविधान रक्षा की शपथ

उज्जैन। अजाक्स संगठन डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 1 से 14 अप्रैल तक संविधान बचाओ, देश बचाओ पखवाड़ा मना रहा है। इसी कड़ी में निकाली जा रही रथ यात्रा के उज्जैन आगमन पर कोठी रोड स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर संगठन पदाधिकारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया तथा उपस्थित सभी लोगों को संविधान की रक्षा करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहब अमर रहे एवं जब तक सूरज-चांद रहेगा, बाबा साहब का नाम रहेगा जैसे जोशीले नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा और कार्यक्रम स्थल श्रद्धा व उत्साह से भर गया। जिला अध्यक्ष डॉ. आरएल परमार ने बताया कि यह रथ यात्रा जिले के विभिन्न गांवों एवं कस्बों में पहुंचकर लोगों को बाबा साहब के विचारों एवं संविधान के महत्व से अवगत करा रही है। यात्रा का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक जागरूकता फैलाना और संविधान की रक्षा के लिए लोगों को प्रेरित करना है। मुख्य अतिथि के रूप में ओम सरवान एवं अशोक यादव मौजूद रहे। इस रथ यात्रा का प्रमुख उद्देश्य बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना, संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, नागरिकों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग करना तथा समाज में समानता, न्याय और बंधुत्व की भावना को मजबूत करना है। यह यात्रा 1 अप्रैल को उज्जैन से प्रारंभ होकर झारड़ा, महिदपुर, नागदा, खाचरौद, बड़नगर एवं उन्हेल सहित विभिन्न क्षेत्रों से होकर उज्जैन पहुंचेगी। 14 अप्रैल को आयोजित चल समारोह में शामिल होकर इसका समापन होगा। कार्यक्रम के दौरान संगठन द्वारा उपस्थित अतिथियों एवं समाजसेवियों का साफा बांधकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर आरसी परिहार, अनोखी लाल भारती, राजेंद्र ठाकुर, आत्माराम कुमारिया, बिल चौहान, आरएस परमार, धूल सिंह सूर्यवंशी, सुनीता अहिरवार, आरती सिंह, प्रेम सोलंकी, संदीप सिंह राणावत एवं राजेश सूर्यवंशी की भी विशेष उपस्थिति रही।

हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

उज्जैन। न्यायालय अरविंद प्रताप सिंह चौहान, विशेष न्यायाधीश अनूसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम जिला उज्जैन के न्यायालय ने आरोपीगण विनोद प्रजापत पिता रामनारायण प्रजापत उम्र-29 वर्ष, शुभम कुशवाह उर्फ भय्यू पिता कन्हैयालाल कुशवाह, उम्र-21 वर्ष, मुकेश यादव उर्फ मुक्कू पिता रमेश यादव, उम्र-22 वर्ष, सुरेन्द्र यादव पिता सुभाष उर्फ बद्दू यादव उर्फ बिट्टा, उम्र-23 वर्ष, निवासीगण-हनुमान मंदिर के पास छोटी, मायापुरी को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को सुबह 9.55 बजे फरियादिया कौशल्याबाई ने चिमनगंजमंडी थाने में बताया कि 21 जनवरी 2024 को रात्रि करीब 9 बजे की बात है, वह अपने घर पर थी, तभी गोलू के पिता तथा बिट्टा आये और दोनों उसे गाली देकर पूछने लगे कि बबलू कहां है। जब गाली क्यों दे रहे हो पूछा तो गोलू, भय्यू एवं बिट्टा भी वहां आ गये और इन सभी ने कौशल्या से कहा कि उसका लड़का बबलू को जान से खत्म कर देंगे। उसी समय उसका लड़का बबलू उन्हें घर आता हुआ दिखा तभी गोलू, भय्यू, बिट्टा, गोलू के पिता, बिट्टा के पिता एवं उनके साथ आये दो अन्य फर्सी उठाकर उसके लड़के को मारी उक्त लोग उसके लड़के को मरा समझकर चले गये। इसके बाद डायल 100 नंबर गाड़ी भी मौके पर आ गयी थी। बबलू को लेकर सरकारी अस्पताल गये, तभी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनुसंधान उपरान्त अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में अनुसंधान के दौरान प्रभारी उप निदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर ने मागदर्शन प्रदान किया। अभियोजन पैरवीकर्ता ईश्वर सिंह केलकर, विशेष लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होकर आरोपीगण को न्यायालय ने दण्डित किया।

नीलगाय से टकराकर कार पलटी, बालक की मौत

उज्जैन। शादी में शामिल होने आए चार भाइयों की कार मंगलवार बुधवार रात नीलगाय से टकराकर पलटी खा गई। हादसे में 12 साल के बालक की मौत हो गई। तीन भाई गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिनका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है।

नागदा के बोरखेड़ा में रहने वाला विकास पिता बाबूलाल बनड़ा 12 साल अपने भाई माखन, संजू और अरुण के साथ उन्हेल के ग्राम सुरजाखेड़ी में रहने वाले काका के लड़के की शादी में शामिल होने के लिए कार से आया था। रात में शादी का कार्यक्रम पूरा होने के बाद चारों कार भाइयों के साथ शादी में शामिल होकर लौट रहे थे। रास्ते में बलड़ा मोड़ पर अचानक कार के सामने नीलगाय आ गई। कार चला रहे माखन का संतुलन बिगड़ गया और नीलगाय से टकराने के बाद कार पलटी खाकर सड़क किनारे खंती में जा गिरी। आसपास के ग्रामीण मदद के लिए पहुंचे। कार में सवार चारों को बाहर निकाला गया लेकिन 12 साल के विकास की मौत हो चुकी थी। वहीं तीन घायलों को उपचार के लिए उज्जैन लाया गया। जहां उनकी हालत गंभीर होने पर परिजन निजी अस्पताल लेकर गए हैं। कोतवाली थाना पुलिस में बुधवार सुबह मृतक बालक का पोस्टमार्टम कराया।

विवादित प्रश्न पूछने वाले पेपर सेटर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई

- विश्वविद्यालय की ओर से ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई

उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की सोमवार को संपन्न बीकॉम, बीबीए और बीसीए तृतीय वर्ष की फाउंडेशन परीक्षा में पूछे गए एक विवादित प्रश्न पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है।

कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस मामले में गठित परीक्षा समिति की जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पेपरसेटर के विरुद्ध तत्काल प्रभाव से दंडात्मक कार्रवाई निर्धारित की गई है।

कुलसचिव डॉ. शर्मा ने बताया कि परीक्षा समिति ने प्रश्नपत्र (कोड-के-1041 एबी) के भाषा एवं संस्कृति खंड का सूक्ष्मता से परीक्षण किया। समिति ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट किया कि विवादित प्रश्न आधिकारिक पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं था। यह प्रश्न पूरी तरह से पेपरसेटर द्वारा अपने स्तर पर जोड़ा गया था, जो नियमों का उल्लंघन है। डॉ. शर्मा ने बताया कि परीक्षा समिति की अनुशंसा को गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय ने जो निर्णय लिए हैं, उसके अंतर्गत संबंधित पेपरसेटर को भविष्य के लिए विश्वविद्यालय के सभी कार्यों से प्रतिबंधित करने हेतु शोकाज नोटिस जारी करके ब्लैकलिस्ट करने की कार्यवाही की जा रही है। कुलसचिव डॉ. शर्मा ने बताया कि पेपरसेटर द्वारा स्वविवेक से आपत्तिजनक प्रश्न को शामिल करने के कृत्य को गंभीर कदाचरण मानते हुए यह कठोर कार्रवाई की जा रही है। कुलसचिव डॉ. शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय शैक्षणिक गरिमा और सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। पाठ्यक्रम से बाहर जाकर और सामाजिक वैमनस्य को बढ़ावा देने वाले किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी क्रम में पेपरसेटर को ब्लैकलिस्ट करने के लिए कड़ी कार्रवाई की प्रक्रिया की गई है।

छात्र हित में मूल्यांकन प्रक्रिया में बदलाव

छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि विवादित प्रश्न को मूल्यांकन प्रक्रिया से हटा दिया गया है। अब विद्यार्थियों का कुल मूल्यांकन उक्त प्रश्न के एवज में 1 अंक अतिरिक्त जोड़कर शेष प्रश्नों के आधार पर किया जाएगा, ताकि परीक्षार्थियों के परिणामों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

पंचक्रोशी यात्रियों की सेवा करेगा सिंधी समाज, बैठक में निर्णय

उज्जैन। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पंचक्रोशी यात्रा के अवसर पर सकल सिंधी समाज द्वारा धर्मप्रेमी जनता और श्रद्धालुओं के लिए व्यापक स्तर पर सेवा कार्य किए जाएंगे। न्यू सेंट पॉल स्कूल के सामने, उंडासा पंचकोशी मार्ग पर एक विशाल पंडाल लगाकर सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। यहां 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए निःशुल्क भोजन प्रसादी, छाछ, चाय, दवाइयां और रुद्राक्ष मालाओं का वितरण किया जाएगा।

इस वृहद आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए कार्यक्रम संयोजक महेश परियानी के नेतृत्व में समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी इंदिरा नगर सिंधी पंचायत, संतराम सिंधी कॉलोनी पंचायत, भाईबंद पंचायत और राष्ट्रीय महिला मंच द्वारा संभाली जाएगी। इस पुनीत कार्य में सिंधु जागृत समाज सहित समाज के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों, अध्यक्षों और युवाओं ने भी अपनी सेवाएं देने का संकल्प लिया है। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पूरे पंडाल में श्रद्धालुओं के विश्राम के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। पंडाल को ठंडा रखने के लिए कूलर और पानी के फव्वारे लगाए जाएंगे।

श्रद्धालुओं के लिए रहेंगी यह विशेष व्यवस्थाएं

र्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पूरे पंडाल में श्रद्धालुओं के विश्राम के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। पंडाल को ठंडा रखने के लिए विशेष रूप से कूलर और पानी के फव्वारे लगाए जाएंगे। इसके साथ ही, भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य व्यवस्था देखने और दवाइयों के लिए डॉ. जेठवानी द्वारा पंडाल में एक विशेष क्लीनिक स्थापित कर स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएंगी।

29 को नि:शुल्क सामूहिक निकाह, 12 तक आवेदन

उज्जैन। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी द्वारा 29 अप्रैल को 27वें नि:शुल्क सामूहिक निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में शामिल होने के इच्छुक जोड़ों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 12 अप्रैल निर्धारित की गई है। संस्था के अनुसार जो भी परिवार इस सामूहिक निकाह कार्यक्रम में शामिल होना चाहते हैं, वे 12 अप्रैल तक संस्था के कार्यालय 48 अमरपुरा पर अनिवार्य रूप से अपना आवेदन प्रस्तुत कर दें। तय तिथि के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। निकाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नियमानुसार दुल्हन की उम्र 18 वर्ष और दूल्हे की उम्र 21 वर्ष होना अनिवार्य है।

वर्षीतप से 21 किलो तक वजन हुआ कम, बीपी-एसिडिटी की दवा बंद

- जैन धर्म की 400 दिन तक निरन्तर चलने वाली कठोर तपस्या की

उज्जैन। जैन धर्म की 400 दिन तक निरन्तर चलने वाली वर्षीतप की कठोर तपस्या से जहां एक और अशुभ कर्मों की निर्जरा यानी पाप का क्षय होता है वहीं स्वास्थ्य के लिए भी यह हितकारी है। इसका ताजा उदाहरण उज्जैन के अलखधाम नगर निवासी अनाज व्यवसायी शैलेन्द्र तल्लेरा हैद्य श्री तल्लेरा ने बताया कि इस तपस्या से हम आत्म शुद्धि करते हुए पुराने कर्मों की निर्जरा कर सकते हैं द्य तपस्या से पहले तक मेरी दिनचर्या में खानपान की अनियमितता रहती थी लेकिन एक साल पहले दृढ़ संकल्प के साथ धर्मपत्नी प्रमिला के साथ मिलकर जब तप शुरू किया तो मुझे स्वास्थ्य में भी बेहतर परिणाम मिलने लगे द्य नियमित लगने वाली ब्लड प्रेशर की गोली की अब जरूरत नहीं लगती। एसिडिटी की समस्या दूर हो गई तथा बड़ा हुआ वजन भी 21 किलो कम हो गया। तप ने मुझे आध्यात्मिक शक्ति के साथ उत्तम स्वास्थ्य भी प्रदान किया है।

अभिनेत्रियों ने किए दर्शन सभी कलाकार भस्मारती में भी शामिल हुए, बोले- बाबा के दरबार में आकर धन्य हो गए

उल्का गुप्ता, सिंगर किंजल, मोनल, क्रिकेटर जोशी ने किए महाकाल दर्शन

उज्जैन। महाकाल मंदिर में नेता और अभिनेताओं का आन जाना लगा रहता है। इसके साथ फिल्म अभिनेत्रियों का आना भी निरंतर जारी है। इसी क्र में फिल्म अभिनेत्री उल्का गुप्ता, गुजराती सिंगर किंजल दवे, साउथ फिल्मों के अभिनेता मोनल गज्जर और पूर्व क्रिकेटर सुनील जोशी बुधवार को उज्जैन आए। सभी ने महाकाल के दर्शन किए। ये अल सुबह यहां पहुंचे और भस्मारती में भी शामिल हुए।

सभी ने बाबा महाकाल की आरती के नंदी हॉल में बैठकर करीब 2 घंटे आनंद लिए। इसके बाद गर्भगृह के बाहर से दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर समिति की ओर से उनका सम्मान किया गया। अभिनेत्री उल्का गुप्ता केरल स्टोरी-2 में नजर आई थी। उन्होंने कहा कि महाकाल के दर्शन कर वह खुद को धन्य हो गई।



मंगलनाथ मंदिर में पूजा से 4 लाख रुपए आय

उज्जैन। भगवान श्री मंगलनाथ के प्राचीन मंदिर में अप्रैल माह के प्रथम मंगलवार को भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। श्री मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक केके पाठक ने बताया कि मंगलवार 07 अप्रैल को प्रात:काल 7 बजे की आरती के पश्चात दोपहर 3.30 बजे तक मंदिर में भात पूजन, भूमि प्राप्ति, धन प्राप्ति, शीघ्र विवाह, यश प्राप्ति, मंगल दोष निवारण तथा समस्त रोग निवारण सहित विभिन्न विशेष पूजाओं के लिए देश-विदेश से श्रद्धालुओं एवं यजमानों का निरंतर आगमन होता रहा। मंदिर के विद्वान पंडितगणों एवं आचार्यगणों द्वारा सभी यजमानों की पूजाएं पूर्ण विधि-विधान, मंत्रोच्चारण एवं शास्त्रीय रीति से संपन्न कराई गईं। पूजनों की कंप्यूटरीकृत एवं मैन्युअल शासकीय रसीदें मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के कर्मचारियों द्वारा बनाई गईं। इस प्रकार समिति को आज कुल रुपए 4 लाख 32 हजार 500 रुपए की आय शासकीय रसीदों के माध्यम से मंदिर समिति को प्राप्त हुई है। साथ ही मंदिर में दर्शनार्थ आने वाले दिव्यांग एवं असहाय श्रद्धालुओं को मंदिर कर्मचारियों द्वारा पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार के साथ भगवान श्री मंगलनाथ जी के सुलभ दर्शन कराए गए।